U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.
9th Floor, Shakti Bhawan Extn., Room No. 928
14-Ashok Marg, Lucknow - 226001
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
9वॉं तल, शक्ति भवन विस्तार, कक्ष संख्या – 928,
14- अशोक मार्ग, लखनऊ – 226 001

पत्रांक : सचिव/उनिलि/जी–3/740 दिनांक: 4 अगस्त, 2012

कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के निदेशक मण्डल की 151वीं बैठक जो दिनांक 30.07.2012 को सम्पन्न हुयी में लिये गये निर्णय के क्रम में निम्न प्रकरणों में जिनमें क्रय/कार्य की लागत अनुरक्षण एवं परिचालन मद के संदर्भ में रू0 1.00 करोड़ से अधिक है तथा ऐसे पूँजीगत क्रय/कार्य जिसमें लागत रू0 1.00 करोड़ से रू0 25.00 करोड़ तक है, में कारपोरेट निविदा समिति–प्रथम के निर्णय के उपरान्त निदेशक मण्डल के अनुमोदन की अनिवार्यता निम्न प्रकरणों में समाप्त करने का निर्णय लिया गया है और निर्देशित किया गया है कि इन प्रकरणों की सूचना निदेशक मण्डल की अगली बैठक में प्रस्तुत की जाएगी :–

(i) सीमित एकल निविदा के आधार पर भारत सरकार के उपक्रम मै0 बी0एच0ई0एल0/मै0 आई0एल0कोटा लि0/रेलवे/रेलवे की वर्कशाप से क्रय/कार्य कराये जाने वाले समस्त प्रकरण।

(ii) भारत सरकार के उपक्रम यथा मै0 इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0, मै0 भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि0, मै0 हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि0 एवं मै0 आई0बी0पी0लि0 से सीमित निविदा के आधार पर क्रय किये जाने वाले सभी विभिन्न प्रकार के ल्यूब्रीकेन्ट्स से सम्बन्धित प्रकरण।

(iii) सीमित एकल निविदा के आधार पर सरकारी विभाग यथा सिचाई, पी0डब्लू0डी0 आदि से कराये जाने वाले कार्य सम्बन्धी प्रकरण।

(iv) निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित सूचीबद्ध फर्मों/निदेशक मण्डल से अनुमोदित नीति के अर्न्तगत सीमित निविदा के आधार पर क्रय/कार्यों हेतु समस्त प्रकरण।

उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे।

निदेशक मण्डल की आज्ञा से

उपरोक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2– निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3– मुख्य महा प्रबन्धक (वित्त), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता, ओबरा/अनपरा/पारीछा/पनकी/हरदुआगंज तापीय परियोजना।
5– मुख्य अभियन्ता, पीपीएमएम/ ईंधन/ जानपद/ पर्यावरण एवं सुरक्षा / मानव संसाधन / आर0 एण्ड एम0/वाणिज्य/कारपोरेट स्ट्रेटजी/टॉम, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6– अधिशासी अभियन्ता, रिफार्म को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

4/8/12
(एच0 के0 अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

42 Garima-O/M---NC-1